### कान्हीवाड़ा में सिस्टम की भेंट चढ़ा प्रजापति समाज का रोजगार का सपना

# 1 करोड़ का प्रोजेक्ट बना खंडहर, 5 साल से अधूरा

**सिवनी नवभारत। प्रदेश और केंद्र सरकार एक ओर लोकल फॉर वोकल और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर सिवनी जिले की ग्राम पंचायत कान्हीवाड़ा में प्रशासनिक उदासीनता की एक शर्मनाक तस्वीर सामने आई है। यहाँ प्रजापति समाज के आर्थिक उत्थान और आधुनिक स्वरोजगार के लिए स्वीकृत लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत वाली पॉटरी कार्यशाला (Pottery Workshop) पिछले 5 वर्षों से खंडहर में तब्दील हो रही है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की घोर लापरवाही के कारण कार्य नहीं हो पाया है।**





#### रूर्बन मिशन बंद, तो क्या जिम्मेदारी भी खत्म?

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2022 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के तहत इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी। इसका उद्देश्य मिट्टी शिल्पकारों (प्रजापति समाज) को आधुनिक तकनीक, बिजली से चलने वाले चाक और वैज्ञानिक भट्टियां उपलब्ध कराना था। निर्माण कार्य आधा होने के बाद जैसे ही रूर्बन मिशन योजना की समय-सीमा समाप्त हुई, जिम्मेदार अधिकारियों ने हाथ खड़े कर दिए। योजना बंद होने का बहाना बनाकर करोड़ों के प्रोजेक्ट को बीच में ही लावारिस छोड़ दिया गया।

#### जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों में गहरा रोष

इस गंभीर मामले को संज्ञान में लेते हुए क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी ठाकुर ने हाल ही में निर्माण स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधूरे पड़े कार्य और सामग्री की बर्बादी देख गहरी नाराजगी व्यक्त की।

श्रीमती रजनी ठाकुर (जिला पंचायत सदस्य) ने कहा प्रजापति समाज के हक को इस तरह सिस्टम की भेंट नहीं चढ़ने दिया जाएगा। मैं इस मामले को जिला प्रशासन और कलेक्टर सिवनी के समक्ष मजबूती से उठाकर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने का प्रयास करूंगी।

वहीं, प्रजापति समाज के सदस्य और स्थानीय ग्रामीण गुरु सोनवाने का कहना है- हमें उम्मीद थी कि इस कार्यशाला से हमारे समाज के युवाओं को गांव में ही रोजगार के अच्छे अवसर मिलेंगे और हमारी कला को नई पहचान मिलेगी। लेकिन 5 साल बीत जाने के बाद भी यहाँ सिर्फ खंडहर बचा है। अधिकारियों की लापरवाही ने हमारे समाज का सपना तोड़ दिया है।

#### ठेकेदार का लाखों का भुगतान अटका

इस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य प्रयाग इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन सिवनी द्वारा किया जा रहा था। ठेकेदार शुभम जायसवाल ने कहा कि उन्होंने अपनी ओर से लाखों रुपये की लागत लगाकर लगभग आधा निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि विभाग ने आज तक निर्माण कार्य का एक भी रुपया भुगतान नहीं किया है। भुगतान न होने और विभाग की बेरुखी के चलते ठेकेदार को काम रोकना पड़ा। आज मौके पर खड़े अधूरे पिलर और जंग खाते लोहे के ढांचे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।





#### प्रशासनिक जवाबदेही पर सवाल

लगभग एक करोड़ का प्रोजेक्ट होने के बावजूद आरईएस विभाग ने मॉनिटरिंग क्यों नहीं की? यदि योजना बंद हुई, तो अधूरे निर्माण को पूर्ण करने के लिए अन्य फंड का प्रावधान क्यों नहीं किया गया? ठेकेदार का भुगतान न होने के पीछे असली वजह क्या है?

# भालीवाडा जलाशय से मोटर पम्प हटाने की मांग

### मछुआ मांझी समिति ने दी चेतावनी, 130 परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट



**कुरई नवभारत। कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बदलपार चौकी के ग्राम भालीवाडा स्थित जलाशय में बढ़ते जल संकट को लेकर विवाद गहरा गया है। जलाशय में लगभग 75 स्थाई व अस्थाई मोटर पम्प लगे होने से पानी का स्तर तेजी से घट रहा है। वर्तमान में जलाशय में मात्र लगभग 3 फीट पानी शेष है, जबकि करीब आधा सैकड़ा विद्युत मोटर पम्प लगातार संचालित हो रहे हैं।**

मछुआ मांझी समिति के अनुसार जलाशय में अब केवल 1-2 दिन का पानी ही बचा है। समिति से जुड़े लगभग 130 महिला-पुरुषों की आजीविका मछली पालन पर निर्भर है। पानी की कमी के कारण मछलियों के मरने का खतरा मंडरा रहा है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

समिति द्वारा तहसीलदार, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत तथा बदलपार चौकी में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी संबंध में आज विद्युत वितरण केंद्र बादलपार, सिवनी ग्रामीण एवं ग्राम पंचायत सारसडोल के सरपंच-सचिव की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया गया, जिसमें लगभग 50 से अधिक मोटर पम्प संचालित पाए गए।


जानकारी के अनुसार बादलपार विद्युत वितरण केंद्र से 3 स्थाई एवं 13 टीसी कनेक्शन तथा सिवनी ग्रामीण क्षेत्र से 31 विद्युत मोटर पम्प चल रहे हैं। कुछ मोटरों में खुले तार होने से पानी में करंट फैलने का भी खतरा बना हुआ है, जिससे जान-माल की हानि की आशंका व्यक्त की जा रही है।

ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव ने बताया कि जल संकट, मछुआ मांझी समिति की आजीविका और मवेशियों के लिए पेयजल की समस्या को लेकर जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत भेजी जा चुकी है। वहीं किसानों का कहना है कि उन्होंने सिंचाई एवं विद्युत विभाग से विधिवत कनेक्शन प्राप्त किए हैं।

इधर, मछुआ मांझी समिति के सदस्यों ने चेतावनी दी है कि यदि जलाशय से विद्युत मोटर पम्प नहीं हटाए गए तो वे उग्र आंदोलन करने और आत्मदाह जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे।

अब देखना होगा कि प्रशासन जल संकट और बढ़ते विवाद को लेकर क्या कदम उठाता है।

### एक नजर में



## वार्ड पार्षद के प्रयास से हितग्राहियों को मिली अंत्येष्टि राशि

छपारा । नगर परिषद छपारा अंतर्गत आने वाले वॉर्ड क्रमांक 13 निवासी चिरौंजी लाल रघुवंशी पिता रामसनेह रघुवंशी एवं वॉर्ड क्रमांक 10 में निवासरत संतोष यादव पिता भंगी लाल यादव और वॉर्ड क्रमांक 7 निवासी रामकली नागेश पति दशरु लाल जो कि बीमारी के चलते इनका निधन हो गया था। ये सभी गरीबी रेखा के अंतर्गत आने वाले पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना अनुसार अंत्येष्टि की राशि 5-5 हजार रूपये की नगद राशि नगर परिषद छपारा द्वारा पार्षद सोनल श्रीवात्री वार्ड 13, पार्षद रामेश्वर बंजारा वार्ड 10 द्वारा नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवकांत ठाकुर से उक्त परिजनों को प्रदान कि गई।



## कोतवाली पुलिस का फ्लैग मार्च, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

सिवनी। आगामी होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शहर में व्यापक फ्लैग मार्च निकाला जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा पहले पैदल फ्लैग मार्च निकाला जाएगा, इसके पश्चात वाहनों के माध्यम से विभिन्न मार्गों पर फ्लैग मार्च किया गया। जानकारी के अनुसार फ्लैग मार्च की शुरुआत कोतवाली थाना परिसर से शुरू होकर बस स्टैण्ड, झिरिया मोहल्ला, हड्डी गोदाम, टीपू सुल्तान चौक, मटन मार्केट, ईदगाह मस्जिद, महावीर मठिया, छिंदवाड़ा चौक, छिंदवाड़ा रोड, रेलवे क्रॉसिंग, शनि मंदिर स्टेशन, कंटगी रोड, पुराना गल्ला मंडी, रेलवे जनता नगर, कटंगी रोड, घसियारी मोहल्ला, शुक्रवारी, काली चौक, डूंडा सिवनी चौक, बरघाट, कचहरी चौक, सिंधिया पुतला होते हुए समापन स्थल पहुंचा। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि वे होली एवं रमजान पर्व आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान गायन से हुई माह की शुरुआत



सिवनी। माह के प्रथम कार्यदिवस की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के सामूहिक गायन से हुई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में अपर कलेक्टर सी एल चनाप की उपस्थिति में अधिकारी एवं कर्मचारी पंक्तिबद्ध होकर शामिल हुए और अनुशासित वातावरण में राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ सामूहिक गायन किया।

## मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में लक्ष्य सीमित होने से बढ़ी परेशानी, पंजीयन के लिए भटक रहे परिजन

**छपारा नवभारत।** जनपद पंचायत छपारा में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना 2026 के तहत आवेदन प्रक्रिया के दौरान अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिल रहा है। इस वर्ष प्रशासन द्वारा निर्धारित 100 जोड़ों का लक्ष्य जो पूरा हो चुका है, जिसके कारण बड़ी संख्या में पात्र जोड़े योजना के लाभ से वंचित होने की कगार पर हैं। अब अपने बच्चों के मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना में जोड़ियों के विवाह करने परिजन एक जनपद से दूसरे जनपद के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आगामी 14 मार्च को होने वाले छपारा जनपद पंचायत अंतर्गत मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह कार्यक्रम के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी निर्धारित की गई थी। देर शाम तक जनपद कार्यालय में वर-वधू के परिवारों की भारी भीड़ उमड़ी और 100 का लक्ष्य भी पूरा हो गया। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष इस योजना के लिए कोई निश्चित संख्या या लक्ष्य तय नहीं किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप अकेले छपारा जनपद में लगभग 350



जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया था। इस बार लक्ष्य को मात्र 100 तक सीमित रखने से विकासखंड में वंचित इच्छुक पात्र आवेदक जोड़ियां में असंतोष है।

लक्ष्य पूरा हो जाने के कारण जो परिवार आवेदन जमा नहीं कर पाए हैं, वे अब अन्य विकासखंडों या पड़ोसी जिलों में पंजीकरण कराने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए जनपद कार्यालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र एन ओ सी पत्र प्राप्त कर रहे हैं ताकि वे दूसरे क्षेत्र में आवेदन कर सकें। वहीं योजना का लाभ न मिलने से निराश परिजनों का कहना है कि सरकार को जोड़ों की संख्या पर लगा प्रतिबंध हटाना या लक्ष्य को बढ़ाया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह सुगमता से संपन्न हो सके। जनपद पंचायत कार्यालय छपारा में 2 मार्च तक उमड़ रही भीड़ और लोगों की परेशानी शासन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है।

# विवेक बंसल हत्याकांड : छपारा के वंशकार समाज ने सौंपा ज्ञापन

### 1 करोड़ मुआवजे की मांग



**छपारा नवभारत।** मध्यप्रदेश के सागर जिले में हुई दलित युवक विवेक बंसल (वंशकार) की निर्मम हत्या के विरोध में 2 मार्च को दोपहर नगर के तहसील कार्यालय प्रांगण में समस्त वंशकार समाज संगठन छपारा ने आक्रोश व्यक्त किया। समाज के प्रतिनिधियों ने महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक के नाम तहसीलदार छपारा की ओर से नायब तहसीलदार रामसेवक कौल को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला?**

ज्ञापन के अनुसार, घटना 12 फरवरी 2026 की है, जब सागर जिले के मोतीनगर थाना अंतर्गत रेलवे कॉलोनी के सामने रहने वाले विवेक बंसल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बताया गया कि आरोपी सोनी और उसके साथियों ने वैवाहिक कार्यक्रम में बाजा बजाने की बात को लेकर हुए विवाद के बाद इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया।

**समाज की प्रमुख मांगें**

वंशकार समाज ने ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन के सामने निम्नलिखित मांगें रखी हैं सभी आरोपियों पर मामला दर्ज हो- समाज का आरोप है कि पुलिस ने केवल एक मुख्य आरोपी पर मामला दर्ज किया है, जबकि घटना में शामिल अन्य सहयोगियों को भी हत्या का आरोपी बनाया जाना चाहिए।

1 करोड़ की आर्थिक सहायता- मृतक विवेक अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। उसकी मृत्यु से परिवार के सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया है, अतः शासन से 1 करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग की गई है।



कलाकारों की सुरक्षा- समाज ने मांग की है कि वैवाहिक कार्यक्रमों में बाजा बजाने वाले कलाकारों को सुरक्षा प्रदान की जाए और कार्यक्रमों में हथियार लेकर आने वाले लोगों पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए।

पुलिस प्रताड़ना पर रोक- बैंड-बाजे और डीजे संचालकों के वाहनों और उपकरणों को पुलिस द्वारा अनावश्यक रूप से जब्त न करने के लिए भी दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

**आक्रोशित है समाज**

इस अवसर पर भारी संख्या में वंशकार समाज के लोग उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई और दोषियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों का अध्ययन भ्रमण

**सिवनी नवभारत।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखण्ड कुरई अन्तर्गत आयोजित पाठ्यक्रम BSW MSW के छात्र छात्राओं को जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला एवं विकासखण्ड समन्वयक श्री कुलदीप सिंह ठाकुर कुरई के मार्गदर्शन पर सामाजिक शोध एवं अन्य अध्ययन भ्रमण हेतु गो अनुसंधान केंद्र देवलापार का भ्रमण कराया गया। उक्त अध्ययन भ्रमण हेतु गो अनुसंधान केंद्र देवलापार एवं वहां स्थित गो नस्ल जानकारी गाय की आवश्यकता कृषि मानव जीवन एवं जैविक खेती के उपयोगी ज्ञान को लेकर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें समस्त छात्र छात्राओं ने क्रमशः गोशाला, गाय के



उपयोगिता, एवं अन्य दवाईयां जो गो अनुसंधान केंद्र में निर्माण कार्य कर कई बीमारियों एवं वातावरण को शुद्धिकरण करने व किसान मित्र जीवों के निर्माण, केंचुएं बनाने, खेती में उपयोगिता को बढ़ावा देने, महिलाओं को लघु व्यवसाय से जोड़ने जैसे समस्त विषयों पर क्रमशः गो अनुसंधान केंद्र देवलापार के प्रबंधक प्रशांत पिसे जी एवं जिले का नेतृत्व करने वाली मेम चित्रा भालेकर , संजय फुलबेल ने समस्त जानकारी साझा की एवं गाय की उपयोगिता गो शाला निर्माण, जैविक खेती, उद्यानिकी के बारे में जानकारी साझा की। उक्त अध्ययन भ्रमण कार्य के दौरान समस्त मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास क्षमता पाठ्यक्रम के समस्त छात्र छात्राओं को अध्ययन एवं शोध कार्य हेतु वन विभाग के कबाड़ अनुपयोगी सामग्री से निर्मित कि गई विश्व की सबसे बड़ी कला बाघ (शेर) का भी अध्ययन भ्रमण किया गया।

खवासा अंतर्गत मध्यप्रदेश वन विभाग के अनुपयोगी कबाड़ से विश्व की सबसे बड़ी कला बाघ (शेर) बनाया गया है जिसमें समस्त कबाड़ का सामान लगाया गया है जिसके समीप ही वातावरण और वन्य आवरण का भी गहन अध्ययन किया गया। शोध कार्य अध्ययन भ्रमण एवं कलाकृतियों के साथ साथ सामुदायिक नेतृत्व विकास क्षमता को भी बढ़ावा देने जैसे प्रयास किए गए।

## प्रधान पाठक देवेश सिंह कौशिक 44 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त

**छपारा/सिवनी नवभारत।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय तुलफ रैयत में पदस्थ प्रधान पाठक देवेश सिंह कौशिक 28 फरवरी 2026 को अपनी 44 वर्ष की दीर्घ एवं उत्कृष्ट शासकीय सेवा पूर्ण कर ससम्मान सेवानिवृत्त हो गए।



एम.ए. (हिंदी, अंग्रेजी) एवं बी.एड. की शैक्षणिक योग्यता से संपन्न श्री कौशिक ने अपने सेवाकाल का शुभारंभ 16 अगस्त 1982 को शासकीय माध्यमिक विद्यालय बगहाई (विकासखंड धनौरा) से किया। अपने कर्तव्यनिष्ठ एवं अनुकरणीय कार्यशैली के कारण उन्होंने शिक्षा विभाग में विशिष्ट पहचान स्थापित की। सेवाकाल के दौरान उन्होंने शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिल्लौर (कुरई) में उच्च श्रेणी शिक्षक तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय मोहगाँव (लखनादौन) में प्रधान पाठक के रूप में सफलतापूर्वक दायित्व निभाया। इसके अतिरिक्त हाई स्कूल पाड़ीवाड़ा (छपारा) में प्राचार्य के उच्च पद का प्रभार भी दक्षता एवं निष्ठा के साथ संभाला। 13 सितंबर 2021 से तुलफ रैयत विद्यालय में पदस्थ रहकर उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक उन्नयन एवं अनुशासन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सेवानिवृत्ति के अवसर पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने उनके दीर्घ, समर्पित एवं प्रेरणादायी सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ प्रेषित की है।

**आयोजन** शिविर का उद्देश्य आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराना तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है

# डीपी चतुर्वेदी महाविद्यालय में 6 मार्च को रक्तदान एवं नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**सिवनी नवभारत।** स्थानीय डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय में आगामी 6 मार्च 2026 को संस्था के संरक्षक एवं प्रेरणास्रोत बाबूजी स्वर्गीय श्री डी.पी. चतुर्वेदी जी की जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है, जिसके अंतर्गत विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर प्रमुख आकर्षण रहेगा।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित होने वाले इस नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में नागपुर एवं सिवनी के ख्यातिलब्ध चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर में विभिन्न रोगों की जांच, परामर्श एवं आवश्यक चिकित्सकीय मार्गदर्शन निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। आयोजकों के अनुसार शिविर का उद्देश्य आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराना तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

शिविर में नागपुर के प्रख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अंबर दवारे (एम.एस.), डॉ. मानसी ठाकुर (एम.एस. प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. अंकित दवारे (एम.सी.एच. न्यूरो सर्जन), डॉ. केतकी अंबुलकर (एम.डी. मेडिसिन), डॉ. सानिका ठाकुर



(एम.डी.एस. प्रोस्थोडॉन्टिक्स/दंत चिकित्सक), डॉ. योगेश पाटले (ऑप्टोमेट्रिस्ट), डॉ. गजेंद्र धारवाल (आयुर्वेदिक चिकित्सक), डॉ. भूपेंद्र मिश्रा (होम्योपैथी एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. नितिन कार्ते (बी.एच.एम.एस.) अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करेंगे। विभिन्न रोगों से संबंधित परामर्श के साथ आवश्यक जांच भी की जाएगी।

रक्तदान शिविर में युवाओं एवं नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की गई है। आयोजकों ने बताया कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिल सकता है। शिविर में रक्तदाताओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं तथा चिकित्सा दल की निगरानी में रक्त संग्रहण किया जाएगा।

महाविद्यालय प्रबंधन ने समस्त नागरिकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से अनुरोध किया है कि वे इस पुनीत अवसर पर आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का लाभ उठाएं तथा रक्तदान कर समाज सेवा में सहभागी बनें। संस्था का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना है, और इसी कड़ी में यह आयोजन जनहित में समर्पित है।

### भीमगढ़ बांध में 50 एमसीएम पानी सुरक्षित रखने नहर के गेट बंद होंगे

सिवनी। संजय सरोवर (भीमगढ़ बांध) में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि में गर्मी के मौसम में पेयजल एवं अन्य आवश्यक उपयोगों के लिए 50 मिलियन घन मीटर पानी सुरक्षित रखना अनिवार्य है। इसके लिए बांध का न्यूनतम जल स्तर 509.00 मीटर निर्धारित किया गया है। वर्तमान में कृषि सिंचाई कार्य जारी है तथा बांध का जल स्तर 509.85 मीटर दर्ज किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जैसे ही जल स्तर 509.00 मीटर पर पहुंचेगा, नहर के गेट बंद कर दिये जायेंगे, ताकि गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। इस संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

**कार्यालय जनपद पंचायत केवलारी, जिला-सिवनी**

क्रमांक / 3016 / मु.सं.क्रं./ निका./ ज.पं. /‸2025 केवलारी, दिनांक- 28/02/2026

सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत केवलारी द्वारा दिनांक 13.03.2026 दिन-शुकवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह कार्यकम ग्राम पंचायत खैरा के सचिव कृषि उपज मंडी खैरा के प्रांगण में सम्पन्न होगा विवाह कार्यक्रम हेतु निम्नानुसार व्यवस्था हेतु सामग्री की वंद लिफाफे में निविदा दिनांक 09.03.2026 दिन सोमवार दोपहर 01.30 बजे तक एवं उसी दिन सांय - 03.00 बजे गठित समिमि के समक्ष निविदायें खोली जावेगीं निम्न दर्शित व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| टेन्ट व्यवस्था | सीलिंग, परदे, चटाई, टेबल, चादर, फाईवरकुर्सी, बीईपीकुर्सी, पंखें, साउंडसिस्टम, जनरेटर, पानी केंन, गिलास, जग, प्लेट, एलईडी, हेलोजन, अन्य। |
| भोजन व्यवस्था | फाई दाल, चावल, पुडी, पापड, सब्जी, आचार, संलाद, मीठा, |
| विवाह पूजन सामग्री | हिंदू रीति, आदिवासी रीति रिवाज, बौद्ध एवं निकाह में उपयोग की सामग्री |
| वर-बधु पोसाग, श्रृंगार सामग्री | वर- कुर्ता, पैजामा, साफा, गमछा (अलगा<br>वधु - साडी, व्लाउज, पेटीकोट, चुनरी मुकुट, चूडी, विन्दी अन्य |

शर्ते - जीएसटी पे निविदाधारक को प्राथमिकता दिया जावेगा, अलग-अलग उपर दर्शित सामग्रियों की निविदा आलग-अलग वंद लिफाफे में जमा करना होगा, निविदाधार को अमानतवतोरश-10000.00 की डी.डी. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केवलारी के नाम से प्रस्तुत करना होगा, तथा राशि-250.00 रुपए आवेदन शुल्क जमा कर निविदा आवेदन प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत केवलारी